RNI No.-UPHIN2016/70155

KD NEWS आज कल तक

# के.डी.न्यूज

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-47 सुलतानपुर, 21 अप्रैल 2019 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

## बिहार में मोदी-नीतीश ने भरी हुंकार, विपक्षियों पर किया करारा वार

पटना। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का चुनाव 23 अप्रैल को होना है और बिहार की पांच सीटों पर चुनाव होगा। भाजपा को जीत दिलाने के



लिए पीएम मोदी ताबड़–तोड़ रैलियां कर रहे हैं। इसी क्रम में पीएम मोदी आज बिहार के अररिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष करारा वार किया है। 26द11 को मुंबई में आतंकियों ने हमला किया तो कांग्रेस सरकार ने सेना को कुछ भी जवाब देने से मना कर दिया। कांग्रेस ने पाकिस्तान से आये आतंकियों को जवाब देने के बजाए हिंदुओं के साथ आतंकी शब्द चिपकाने के लिए साजिश की। योजना बनाकर जांच की पूरी दिशा बदल दी। मोदी ने कहा कि जो लोग भारत तेरे टुकड़े होंगे जैसे नारे का समर्थन करते हैं, वो भारत के विकास के लिए साधना कैसे कर पाएंगे। जो लोग ऐसे नारे लगाते हैं , आपके जवाब से उनके कान के पर्दे फट जाने चाहिए। किसी भी जाति–पंथ से पहले हम भारतीय हैं। एक तरफ वोटभक्ति की राजनीति है, दूसरी तरफ देशभक्ति है।

आरक्षण पर विपक्ष द्वारा लोगों को गुमराह किए जाने के आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि किसी भी जाति और पंथ से पहले हम भारतीय हैं, हमारी पहचान भारतीय है। मां भारती की सेवा और साधना की इस भावना के साथ ही, बीते 5 वर्षों में मैंने आपकी सेवा करने का प्रयास किया है। अभी मैं बंगाल में कार्यक्रम करके आ रहा हूं। जैसा जनसैलाब बंगाल में देखा और वैसा ही जनसैलाब यहां भी है। इतनी भयंकर धूप में भी इतनी बड़ी तादाद में लोग हैं। आप इस ताप में जो तप रहें है, ये तपस्या मैं बेकार नहीं जाने दूंगा।

इससे पहले नीतीश कुमार ने राजग की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए कहा कि किसान योजना के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्रीजी को बधाई देता हूं। हम सड़कों को जोड़ रहे हैं, हमारा लक्ष्य है कि सुदूर इलाकों से पटना तक पहुंचने में पांच घंटे से ज्यादा वक्त न लगे। केंद्र सरकार ने कई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्र ने 50 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट मंजूर किए हैं। लेकिन कुछ लोग समाज में दरार डालना चाहते हैं। हम 13 साल से साथ काम कर रहे हैं, लेकिन यहां एक परिवार ने 15 साल राज किया है। पहले बिहार की क्या हालत थी, आज विकास दर 11.3 फीसदी हो गई है। लोग पहले लालटेन में रहते थे, हमने हर घर बिजली पहुंचाने का प्रयास किया है।

## बैन के बाद फिर गरजे योगी आदित्यनाथ, माया– मुलायम की जोड़ी पर कसा तंज

बिजनौर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती पर निशाना साधते हुए कहा कि वह उन लोगों के लिए चुनाव प्रचार कर रही हैं, जो लोग बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान करते थे। योगी ने यहां एक चुनावी जनसभा में कहा, आप देख सकते हैं कि राजनीति



किस स्तर पर चली गई है। जो लोग बाबा साहेब का अपमान करते थे, आज उनके लिए मायावती चुनाव प्रचार कर रही हैं। जो लोग भारत का सम्मान नहीं करते हों, वो लोग वोट पाने लायक नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि मायावती ने आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ रामपुर लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी आजम खां (सपा) के समर्थन में संयुक्त रैली की। योगी ने कहा कि पहले गरीबों को मकान देने की बात होती थी तो सपा–बसपा की सरकार कहती थी कि पैसा नहीं है। इनके राज में किसान बदहाल था, भुखमरी का आलम था, जो भी पैसा था वो भ्रष्टाचार में खत्म हो जाता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर दो करोड़ 60 लाख लोगों को स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय दिया गया। तीन करोड़ 55 लाख लोगों को राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए। योगी ने कहा, मोदी जी ने विकास कार्य के लिए किसी की जाति नहीं देखी। धर्म के आधार पर विकास नहीं किया, सबका साथ–सबका विकास के मंत्र पर काम किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों के मूल्य का भुगतान किया गया। सरकार बनाने के समय 64 हजार करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य बकाया था। छह सालों से गन्ना किसानों को पैसा नहीं मिला था। हमारी सरकार ने इसका भुगतान किया।

### जिला संवाददाता/संवाददाता की सूची

**सुलतानपुर–** आर्यन मिश्र रामसहाय, उमेश शर्मा, इम्तियाज खान
**फैजाबाद–** राजेश कुमार मिश्र, सत्यदेव दुबे
**बाराबंकी–** सैफ मुख्तार, शिवम तिवारी
**फतेहपुर–** ......................
**बिजनौर–** ......................
**गोंडा–** लालबाबू उर्फ लल्ला पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार पांडेय, दुर्गेश कुमार शर्मा
**हरदोई–** ......................
**रायबरेली –** देवी प्रकाश
**प्रयागराज–** ......................
**अमेठी –** चंदन दूबे

**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
**के.डी.न्यूज**
**मो. 9415739288, 9721748962**

## महागठबंधन कह रहा है कि देश को नया प्रधानमंत्री मिलने जा रहा : अखिलेश

रामपुर। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के अब तक संपन्न हुए दो चरण के मतदान में



तथा तीसरे चरण में भाजपा का खाता नहीं खुल सकेगा। अखिलेश ने यहां रामपुर लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी आजम खां 'सपा' के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, हमें यकीन है इस बात का ... पहले चरण और दूसरे चरण, भाजपा का दोनों चरणों में खाता नहीं खुल रहा है। तीसरे चरण में भी भाजपा का कोई खाता खुलने वाला नहीं है। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती की मौजूदगी में कहा कि देश बहुत नाजुक समय से गुजर रहा है । कोई वर्ग ऐसा नहीं बचा है, जिसे दुख ना पहुंचा हो।

अखिलेश ने कहा कि किसान का जीना दूभर हो गया है और नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा, पांच साल की दिल्ली की सरकार और दो साल की उत्तर प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग के लोगों को दुखी किया है। लोकतंत्र में जो जनता को दुख देते हैं, समय आने पर जनता उनसे हिसाब किताब लेने का भी काम करती है।

अखिलेश ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे हमें महामिलावट कहते हैं। वो जान लें, जनता की आवाज सुन लें कि ये महामिलावट की आवाज नहीं बल्कि इस बार महापरिवर्तन आने वाला है। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग कहते हैं कि नया देश बनेगा। ये नये देश की बात कर रहे हैं लेकिन महागठबंधन कह रहा है कि देश को नया प्रधानमंत्री मिलने जा रहा है। जब नया प्रधानमंत्री बनेगा, तभी जाकर नया देश बनेगा।

## सम्पादकीय

# चीन के निर्यात का गिरता ग्राफ

लगभग दो दशक से सबसे तेज अर्थव्यवस्था के रूप में ही नहीं, बल्कि 'मैन्युफैक्चरिंग हब' के रूप में स्थापित होता चीन, आज संकटों से गुजर रहा है। चीन के मॉडल को दुनिया के कई देश एक आदर्श के रूप में मान रहे थे। अब उन्हें सोचना पड़ेगा कि क्या चीन वास्तव में एक आदर्श अर्थव्यवस्था है? चीन मैन्युफैक्चरिंग में आगे बढ़ा, तो दूसरे मुल्क इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम, वस्तुओं, मशीनरी, केमिकल्स, दवाईयों, कच्चे माल आदि के लिए चीन पर निर्भर होते गये। उन देशों में रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया, क्योंकि चीनी उत्पादों के कारण उनके उद्योग बंद होते गये। भारत, अमेरिका, यूरोप



और अन्य कई देशों के औद्योगीकरण को बड़ा धक्का लगा।भारी निर्यातों और व्यापार में अतिरेक के चलते चीन का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने लगा, जिसके बलबूते चीन ने दूसरे मुल्कों में काफी मात्रा में भूमि खरीदी और इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में भारी निवेश किया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सड़क निर्माण, श्रीलंका में हंबनटोटा बंदरगाह समेत कई स्थानों पर चीन द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश इसके उदाहरण हैं। चीन दुनिया में एक महाशक्ति के रूप में दिखायी देने लगा। लेकिन, आज उसकी जीडीपी ग्रोथ घट रही है। विदेशी व्यापार में धीमेपन के कारण विदेशी मुद्रा भंडार घटकर चार हजार अरब डॉलर से अब तीन हजार अरब डॉलर रह गया है। चीन की कई कंपनियां बंद हो चुकी हैं। पिछले साल चीन के निर्यातों में भी भारी कमी आयी है। कई देशों में अब चीनी आयातों पर आयात शुल्क बढ़ाकर उनको रोका जा रहा है। चीनी हुक्मरान अब कह रहे हैं कि घरेलू उपभोग भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब चीन का विदेशी बाजार सिकुड़ रहा है।अप्रैल 2018 से दिसंबर 2018 के बीच चीन द्वारा भारत को किये जानेवाले निर्यातों में पिछले वर्ष की तुलना में 6.6 अरब डॉलर की कमी आयी। दुनियाभर में भी चीन के निर्यात अब घटने लगे हैं। दिसंबर 2018 में चीन के निर्यात 4.4 प्रतिशत कम हुए।

इसकी वजह व्यापार युद्ध (अमेरिका द्वारा चीनी उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाना) और वैश्विक मंदी को बताया जा रहा है। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। साल 2001–02 में जहां चीन के निर्यात मात्र 266 अरब डॉलर ही थे, 2014–15 तक वे 2,342 अरब डॉलर पहुंच चुके थे। उसके बाद वे लगातार घटते हुए 2017–18 में 2,263 अरब डॉलर रह गये। इस साल तो वे और ज्यादा घटनेवाले हैं। दरअसल, चीन बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों का आयात करता है, जिसको इलेक्ट्रॉनिक सामान तैयार करने में इस्तेमाल किया जाता है। चूंकि इलेक्ट्रॉनिक टेलीकॉम निर्यात प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए चीन से इन कलपुर्जों के आयात में भारी कमी आयी है। वर्ष 2010 की दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ की दर जो बढ़ते–बढ़ते 12.2 प्रतिशत पार कर गयी थी, वर्ष 2018 की दिसंबर तिमाही तक आते–आते घटकर मात्र 6.4 प्रतिशत ही रह गयी। इसमें ज्यादा नुकसान मैन्युफैक्चरिंग को हुआ है और मैन्युफैक्चरिंग के महत्वपूर्ण सूचकांक (पीएमआई) में प्रदर्शित भी हो रहा है। फरवरी 2019 तक आते–आते चीन का पीएमआइ सूचकांक 49.2 प्रतिशत पहुंच चुका था। गौरतलब है कि पीएमआइ सूचकांक का 50 से नीचे होना मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट को दर्शाता है। यानी चीन में आयात भी घटने लगा है। वर्ष 2001 में डब्ल्यूटीओ का सदस्य बनने के बाद, उसके व्यापार नियमों का फायदा उठाकर चीन ने अपने निर्यात काफी बढ़ा लिये थे। वास्तविकता यह है कि चीन अपने निर्यातों को गुपचुप तरीके से सब्सिडी देकर अपनी प्रतिस्पर्द्धा शक्ति बढ़ाने का काम कर रहा था। लेकिन, दुनियाभर में चीनी माल की भारी आवक के चलते जब फैक्टरियां बंद हो गयीं और रोजगार प्रभावित हुआ, तब इन देशों ने आयात शुल्क बढ़ाना शुरू किया। निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था होने के कारण पिछले काफी समय से घटते निर्यातों ने चीन की नींद उड़ा दी है। चीन ने श्रीलंका में हंबनटोटा बंदरगाह के निर्माण का जिम्मा लिया और इस हेतु श्रीलंका को बड़ा कर्ज भी दिया। कर्ज इतना ज्यादा था कि जिसे श्रीलंका सरकार चुका नहीं पायी और इसके बाद चीन ने श्रीलंका को इस हेतु बाध्य किया कि वह इस बंदरगाह को उसे 99 वर्ष की लीज पर दे दे। श्रीलंका का यह अनुभव बाकी दुनिया के लिए एक नसीहत बन गया है और अन्य देशों को यह लगने लगा है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम पर चीन इन देशों को फांसकर उन्हें अपने ऊपर आश्रित करते हुए उनके लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में चीन के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए समझौते के रास्ते पर जा रहे, या समझौता कर चुके देश अब पीछे हटने लगे हैं। पिछले दिनों मलेशिया के प्रधानमंत्री ने चीन के लगभग 23 अरब डॉलर के समझौतों को हरी झंडी दे दी थी, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। बांग्लादेश, हंगरी और तंजानिया ने बेल्ट रोड परियोजनाओं को या तो रद्द कर दिया है या उसके स्वरूप को घटा दिया है। म्यांमार ने चीन को धमकी देकर कि वह उसके समझौते को रद्द कर सकता है, क्यावपीयू बंदरगाह की पूर्व लागत 7.3 अरब डॉलर से घटाकर 1.3 अरब डॉलर पर ले आया है। चीन के साथ पहले साझेदारी और मित्रता निभानेवाला पाकिस्तान भी अब परियोजनाओं का पुनरावलोकन करने लगा है। इन सभी घटनाओं से स्पष्ट है कि चीन का दुनिया के इन्फ्रास्ट्रक्चर में एक महाशक्ति बनने का सपना धूमिल हो रहा है।

# चुनाव को धर्मयुद्ध बनाने की कोशिश करना ठीक नहीं

**अंकित ''राधे''**

देश के भविष्य के लिए लोकसभा चुनाव 2019 बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। लेकिन इसमें सत्ताधारी पार्टी जीतने लायक मुद्दों की तलाश में आज भी लगी हुई है। चुनाव के ठीक पहले पुलवामा और बालाकोट की घटनाएं हो गईं। सत्ताधारी पार्टी के कुछ नेता उसी को मुद्दा बनाने की कोशिश करने लगे। पाकिस्तान को सबक सिखाने वाली बातें लगभग हर बीजेपी नेता के मुंह से सुनने को मिल रही थीं। बीजेपी के 2014 में प्रधानमंत्री पद के दावेदार, नरेंद्र मोदी ने उस समय जो प्रमुख वायदे किये थे उनमें नौजवानों के लिए प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियां, किसानों की आमदनी दुगुनी करना जैसे लोकलुभावन मुद्दे शामिल थे। पांच वर्षों में इस दिशा में सरकार कोई भी वायदा पूरा नहीं कर पाई। इसके अलावा नोटबंदी, जीएसटी जैसी योजनायें भी लाई गईं जिनके बारे में इन चुनावों में कोई खास बातचीत सत्ताधारी पार्टी की तरफ से नहीं की जा रही है। जाहिर है उनका जाक्र करने से वोट कम होने का खतरा बना हुआ है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में बीजेपी की हार के बाद हो रहे इन चुनावों में सत्ताधारी पार्टी को चिंता होना स्वाभाविक है क्योंकि केन्द्र में बीजेपी की सरकार बनवाने में इन राज्यों का खास महत्व था। इसके अलावा उत्तरप्रदेश और बिहार में विपक्षी पार्टियों का जो गठबंधन हो गया, वह भी बीजेपी को कुछ सीटों का नुकसान पहुंचा सकता है। पार्टी को उम्मीद है कि पूर्वोत्तर राज्यों, बंगाल और ओडिशा से हिंदी प्रदेशों में होने वाले नुकसान की भरपाई कर ली जायेगी। इन विपरीत परिस्थितियों में चुनाव लड़ रही बीजेपी को नए मुद्दों की तलाश थी। पार्टी को यह भी मालूम है कि 2014 की स्थिति उनकी नहीं है। उस चुनाव में तो डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार की कमियां गिनाकर और लुभावने वादे करके चुनाव जीत लिया गया था। इस बार उनकी अपनी सरकार है। अपने सरकार की उपलब्धियों और पार्टी के 2014 के वायदों की नाकामी से बचने का कोई रास्ता नहीं है। इसलिए जब पुलवामा और बालाकोट की घटनाएं हुईं तो पार्टी के नेताओं को एक रेडीमेड मुद्दा हाथ लग गया। लेकिन पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद सा+फ हो गया कि इन मुद्दों पर वह माहौल नहीं बन पा रहा है जिसकी उम्मीद की जा रही थी। 2014 में नरेंद्र मोदी की बात पर जाति का बंधन तोड़कर लोग एकजुट हो गए थे और उनको समर्थन दिया था लेकिन इस बार जातियां मतदान में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। सबको मालूम है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में अगर जातियों का बंधन नहीं टूटा तो बीजेपी के लिए भारी मुश्किल हो सकती है। शायद चुनाव के मध्य में बीजेपी के रणनीतिकार अब प्रचार के तरीकों में कुछ बदलाव कर रहे हैं। राष्ट्रवाद के मुद्दे पर बड़े पैमाने पर लामबंदी नहीं हो सकी। सरकार में रहते हुए अपने काम पर वोट मांगा जाता है। यहां वह भी संभव नहीं है। आम तौर पर ऐसा माना जा रहा है कि सरकार पिछले पांच साल में ऐसा कोई काम नहीं कर सकी है जिसके बल पर चुनाव जीता जा सके। लेकिन ऐसा कोई काम ही नहीं है। इस सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री, डॉ. मुरली मनोहर जोशी की ही मानी जायेगी। जब डॉ. जोशी से पूछा गया कि आप मोदी सरकार को दस में से कितने नम्बर देंगे तो उन्होंने कहा कि जब कापी में कुछ लिखा ही नहीं है तो क्या नंबर दूं। इन हालात में यह बात बिल्कुल साफ हो गई है कि पार्टी को चुनाव जीतने के लिए नए मुद्दे चाहिए। ऐसा लगता है कि उन्हीं मुद्दों की तलाश में बीजेपी चुनाव जीतने के लिए हिंदुत्व को मुद्दा बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कोशिश में भोपाल से कांग्रेस के उम्मीदवार और संघी आतंकवादटट के प्रबल विरोधी, दिग्विजय सिंह के खिलाफ प्रज्ञा ठाकुर को बीजेपी का उम्मीदवार बनाया गया है। प्रज्ञा ठाकुर अभी जमानत पर हैं, उनके ऊपर आतंकवाद–विरोधी कानून मकोका के तहत मुकदमा चल रहा है। वे मध्यप्रदेश के बीजेपी नेता सुनील जोशी की हत्या के केस में भी अभियुक्त थीं। 2014 में सरकार आने के बाद कुछ मामलों में उनके केस बंद कर दिए गए थे लेकिन अभी मालेगांव धमाके सहित कुछ मुकदमे चल रहे हैं। उनको आनन फानन में बीजेपी ज्वाइन करवाकर भोपाल से टिकट दे दिया गया। ऐसा लगता है कि बीजेपी के लोग हिंदुत्व को मुख्य मुद्दा बनाने की दिशा में चल पड़े हैं। अब कोशिश यह की जायेगी कि दिग्विजय सिंह पर यह आरोप चस्पा किया किया जाए कि वे सभी हिन्दुओं को आतंकवादी मानते हैं।हालांकि यह भी सच है कि दिग्विजय सिंह ने कभी भी हिन्दू आतंकवाद या भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया है। वे हमेशा संघी आतंकवादटट शब्द का प्रयोग करते हैं लेकिन आरएसएस और बीजेपी के नेता उनको हिन्दू–विरोधी साबित करने के लिए दिन–रात लगे रहते हैं। बीजेपी के लोग दिग्विजय सिंह के ऊपर हिन्दू–विरोधी का बैज लगाने में काफी हद तक सफल भी हो गए थे लेकिन उन्होंने 2017–18 में तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा दूरी की नर्मदा परिक्रमा करके उस हथियार को नाकाम कर दिया। प्रज्ञा ठाकुर और उनके सहयोगियों की आतंकवादी घटनाओं में शामिल होने के मामलों की जांच मुंबई पुलिस के आला अफसर हेमंत करकरे ने की थी। उनसे दिग्विजय सिंह के निजी और अच्छे सम्बन्ध थे। चुनाव जीतने के लिए आतंकवाद में शामिल किसी अभियुक्त को इस्तेमाल करना और धार्मिक उन्माद फैलाना देश के भविष्य के लिए ठीक नहीं होगा। यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं होगा। पूरी दुनिया में आतंकवाद तबाही ही लाता है। भारत के खिलाफ जब पाकिस्तान ने आतंकवाद का प्रयोग शुरू किया तो एक राष्ट्र के रूप में हमने बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। पड़ोसी देश पाकिस्तान आज पूरी तरह से आतंकवाद की चपेट में हैं। वहां भी धार्मिक तुष्टीकरण के लिए मुल्लाओं की शरण में जुल्फिकार अली भुट्टो और याह्या खान चले गए थे और उसी के चलते वहां धार्मिक गुटों ने अपनी निजी सेनाएं बना लीं। शुरू में तो इन आतंकवादियों का इस्तेमाल भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ किया गया लेकिन बाद में आतंकवाद का यह भस्मासुर पाकिस्तान को ही निगल जाने को व्याकुल है। प्रज्ञा ठाकुर ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद साफ कहा कि दिग्विजय सिंह के खिलाफ यह चुनाव नहीं है, यह धर्मयुद्ध है। यह बहुत ही खतरनाक संकेत हैं। उन्होंने ऐलानिया देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हो रहे चुनाव को धर्मयुद्ध का नाम दे दिया और सरकार ने उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की। यह लोकशाही के लिए बहुत अच्छे संकेत नहीं हैं। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और आतंकवाद को राजनीतिक हथियार बनाने वाले व्यक्ति का उद्देश्य हमेशा राजनीतिक होता है और वह भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाता है। इसलिए आतंकवाद की मुखालिफत करना तो सभ्य समाज का कर्तव्य है लेकिन आतंकवाद को किसी धर्म से जोड़ने की कोशिश करना जहालत की इंतहा है। आतंकवाद अपने आप में एक राजनीतिक विचारधारा बनती जा रही है। इसे हर हाल में रोकना होगा। जहां तक साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का सवाल है मालेगांव धमाकों के बाद उनका नाम खूब चर्चा में रहा है। उस केस के सभी अभियुक्तों की चर्चा देश और विदेश के मीडिया में होती रही है। उस दौर में आरएसएस और बीजेपी के नेताओं ने आरोप लगाया था कि दिग्विजय सिंह ने 'भगवा' आतंकवादटट शब्द का प्रयोग किया और वे हिन्दुओं के खिलाफ हैं इसलिए आतंकवाद को भगवा रंग दे रहे हैं। लेकिन दिग्विजय सिंह ने तुरंत जवाबी हमला बोल दिया था और ऐलान कर दिया कि भगवा रंग तो बहुत ही पवित्र रंग है , वास्तव में उनका विरोध तो संघी आतंकवाद से है। प्रज्ञा ठाकुर की उम्मीदवारी का सीधा मतलब यह है कि भोपाल का चुनाव अब इन्हीं वाक्यों के इर्दगिर्द घूमेगा। लेकिन जो बड़ी बात है वह यह कि कोशिश की जायेगी कि कांग्रेस के एक बड़े नेता को हिन्दुओं के दुश्मन के रूप में पेश किया जाए और चुनाव को हिन्दुओं की रक्षा का धर्मयुद्ध बना दिया जाए। यह तरीका खतरनाक है। हो सकता है कि लोकसभा चुनाव 2019 में इस तरकीब से बीजेपी जीत जाए और उनको सरकार बनाने में सफलता भी मिल जाए लेकिन देश की भावी दशा दिशा पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा इसको समझने के लिए दुनिया के हर उस देश की राजनीति को समझना पड़ेगा जहां धर्म और धार्मिक नेता राजनीति पर हावी हो जाते हैं। उन देशों को भी देखना पड़ेगा जहां राजनीति को धर्म से अलग रखा गया है। सबसे ज्वलंत उदाहरण पड़ोसी देश पाकिस्तान का ही है। हमारी और उनकी आजादी एक ही दिन मिली थी। पाकिस्तान ने धर्म के आधार पर राजनीतिक अधिकारिता की बात की और आज उनकी अर्थव्यवस्था, राजनीतिक व्यवस्था सब कुछ तबाह हो चुकी है। हमारे नेताओं ने धर्म और राजनीति को अलग रखा।

# अफसरों के फरमान को निजी स्कूलों ने दिखाया ठेंगा

सुलतानपुर। शहर समेत ग्रामीणांचल में संचालित किए जा रहे निजी स्कूलों में प्रवेश शुल्क एवं ट्यूशन शुल्क के नाम पर वसूली को रोकने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को फरमान जारी किया था। जिसमें शुल्क की रकम निर्धारित करते हुए ज्यादा की वसूली पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए थे। बावजूद निजी स्कूलों ने अफसरों के इस फरमान को भी ठेंगा दिखा दिया है। एडमीशन शुल्क के नाम पर वसूली चल रही है, अफसर शिकायत मिलने के बावजूद चुनाव का बहाना लेकर खामोश हैं।

ये है जिविनि का फरमान

प्रवेश शुल्क, ट्यूशन शुल्क आदि के तौर पर निजी स्कूलों में वसूली को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने मार्च के आखिरी हफ्ते में नियम निर्देशिका जारी की थी। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि कोई भी विद्यालय प्रवेश शुल्क अथवा सहयोग के नाम पर रकम नहीं वसूल सकता। यदि इसके प्रमाण मिलेंगे तो न सिर्फ मान्यता खत्म की जा सकती है बल्कि थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। कोई भी विद्यालय बीस हजार रुपये से ज्यादा सालाना शुल्क वसूली नहीं कर सकता।

नामी–गिरामी स्कूलों ने लिया हल्के में

शहर के सिविल लाइन, नरायनपुर, टेढुई, महुअरिया स्थित सीबीएसई संचालित स्कूलों ने जिविनि के आदेश को संज्ञान में ही नहीं लिया। बाकायदा शुल्क वसूली के लिए रसीद छपवाई गई और 15 से लेकर 25 हजार रुपये तक टयूशन फीस, एडमीशन फीस आदि वसूले जा रहे हैं, लेट फीस के नाम पर भी अंधाधुंध वसूली हो रही है। बेसिक शिक्षा परिषद व यूपी बोर्ड से संचालित विद्यालय भी पीछे नहीं हैं।

जहां पर नियम कानून का उल्लंघन हो रहा है, अभिभावक निर्भीक होकर विभागीय दफ्तर अथवा प्रशासन में अपनी शिकायतें दर्ज कराएं। शिकायतें ऑनलाइन भी दर्ज कराई जा सकती हैं। जो भी प्रकरण सामने आएंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

जीके सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक

# आग का कहर, 92 बीघा गेहूं की फसल राख

सुलतानपुर। तीन दिन मौसम में आई नमी से राहत महसूस कर रहे किसानों के लिए शुक्रवार एक बार फिर कहर बरपाने वाला रहा। मौसम में आए बदलाव के बाद जब गर्मी बढ़ी और हवा भी तेज चली तो धम्मौर, दोस्तपुर व लम्भुआ में लगी आग में दर्जनों बीघा फसल चपेट में आ गई। देखते ही देखते 92 बीघा गेहूं की फसल राख हो गई।

धम्मौर संवादसूत्र के अनुसार बनकेपुर सरैया गांव में बिजली की शॉर्ट सर्किट से निकली चिगारी ज्वाला बन गई। हाजी शमशाद व आमिर खान का 20–20 बीघा, खुर्शीद खान का 13 बीघा, रहमान शाह का 6 बीघा, शमसुल हक का 5 बीघा, इदरीस का 3 बीघा व कल्लन का 2 बीघा खेत चपेट में आ गया। लोग अग्निशमन विभाग को फोन करते रहे लेकिन दमकल तब पहुंची जब 70 बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के ढीले तारों से आए दिन गिरने वाली चिगारियों के विषय में कई बार अभियंताओं को जानकारी भी दी गई लेकिन नतीजा सिफर रहा है। दोस्तपुर संवादसूत्र के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत के देवापुर में अज्ञात कारणों से लगी आग से अताउल्लाह, इनाउल्ला, अमनउल्ला, नेबूलाल, हरीलाल, हरी सेठ, भगीरथी, जयकरन फेरूशाह, शनिचरा देवी, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद इस्लाम की 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लम्भुआ संवादसूत्र के अनुसार स्थानीय थानाक्षेत्र के दूल्हापुर गांव में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से लगी आग से शिवपाल सिंह, जुम्मन व रामचन्द्र मिश्र का ढाई बीघा गेहूं जल गया।

अखंडनगर : आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए शासन की ओर से चलाए जा रहे अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय थानाक्षेत्र के पीआरवी कांस्टेबल संदीप सिंह और होमगार्ड दीपक सिंह ने लोगों को जागरूक किया। जिसमें बताया गया कि हुक्का, चिलम, बीड़ी व सिगरेट पीने के बाद उसको अच्छी तरह बुझा देना चाहिए। चूल्हे की गर्म राख को ठंडा होने के बाद ही फेंके। फूस के बने रसोई घर, जानवर बांधने की जगह को अन्दर की ओर मिट्टी का लेप लगाना चाहिए। घी या तेल की आग को बालू या मिट्टी डालकर बुझाना चाहिए। फसलों को रेलवे पटरी, बिजली के तारों व ट्रांसफार्मर से दूर रखना चाहिए। मड़ाई के वक्त थ्रेशर में गीली फसल नहीं लगानी चाहिए।

# जागरूकता एक्सप्रेस को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

सुलतानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्य प्रकाश गिरी शुक्रवार को मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस बस को सदर तहसील से हरी झंडी दिखाकर संसदीय क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस से शत–प्रतिशत मतदान के अभियान को बल मिलेगा। शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा। मतदाताओं को प्रेरित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने एसडीएम, डीआईओएस व बीएसए को मतदाता एक्सप्रेस बस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में क्विज, गीत व संगीत, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों को आयोजित कराने और उनकी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराकर जिला निर्वाचन कार्यालय भेजने के लिए निर्देशित किया।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने मतदाताओं को शपथ दिलाने के लिए पत्रक स्काउट गाइड पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप व एडीएमएफआर उमाकांत त्रिपाठी, एसडीएम रामजी लाल, तहसीलदार सदर पीयूष व डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह, बीएसए केके सिंह, टीओ नपा रवींद्र कुमार, अशोक कुमार आचार्य, महेंद्र कुमार वर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ज्योति सिंह आदि मौजूद रहे। केशकुमारी बालिका इंका में प्रधानाचार्य संगीता देवी सहित अध्यापिकाओं ने छात्राओं के साथ रैली निकाली।

शुक्रवार को तहसीलदार जितेन्द्र गौतम व नायब तहसीलदार वृजेन्द्र उपाध्याय ने सर्वोदय इंटर कॉलेज में पहुँच कर स्कूली बच्चों की इस रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली के साथ मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस भी चल रही थी। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तमाम स्लोगन पढ़े जा रहे थे। बच्चे हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। जिनमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के स्लोगन अंकित रहे। प्रधानाचार्य डॉ गुलाब सिंह ने भी बच्चों को उत्साहित करते हुए युवा वोटरों को आगे आने को कहा। तहसीलदार जितेन्द्र गौतम ने कहा कि पुलिस – प्रशासन निष्पक्ष मतदान के लिए कटिबद्ध है। बिना किसी भय के मतदान जरूर करें। इस मौके पर पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मी भी मौजूद रहे।

## बाइक स्टंट बाजी के चलते पलटा टेंपो, दो घायल

सुलतानपुर। थाना क्षेत्र कूरेभार के गुप्तारगंज कस्बे में बाइक स्टंट बाजी कर रहे युवक के कारण टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जमा हुए लोगों ने तत्काल दोनों को सीएचसी कूरेभार पहुंचाया। शुक्रवार की दोपहर शाहिल निवासी मुजेश अपनी अपाची बाइक से बाजार में स्टंट बाजी कर रहा था। जिससे जिला मुख्यालय से आ रहा सवारियों से भरा टेंपो उन्हें बचाने के चक्कर में पलट गया। इसमें गेना पत्नी श्यामलाल निवासी बहेरी रामपुर प्रताप कटका तथा अभिषेक वर्मा निवासी कौड़ियावां गंभीर रूप से घायल हो गए। कई लोगों को मामूली चोटें आईं।

## मामूली विवाद में मारपीट, महिला समेत सात लोग जख्मी

सुलतानपुर। सरसों के डंठल रखने को लेकर दो चचेरे भाइयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें महिला समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बेलगरा उगई का पुरवा का है। बुधवार की रात करीब आठ बजे दो चचेरे भाई नीमर यादव व लल्लू यादव के बीच सरसों का डंठल रखने को लेकर विवाद हो गया। जिससे मारपीट शुरू हो गई। जिसमें लल्लू यादव, जगन्नाथ पुत्र लल्लू, कलावती पत्नी लल्लू व दूसरे पक्ष से नीमर यादव, जितेंद्र पुत्र नीमर, वीरेंद्र पुत्र नीमर व नीमर की पत्नी सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख नीमर और जितेंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर जख्मी

बंधुआकला। कुड़वार थाना क्षेत्र के वाराणसी–लखनऊ हाइवे पर सहाबागंज बाजार के निकट लखनऊ की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उस पर सवार दौलतपुर निवासी शिवम (15) पुत्र राम सिंह शर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीरों ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। शिवम के भाई की 24 अप्रैल को शादी है। जिसका निमंत्रण देकर वह घर लौट रहा था।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक जख्मी

सुलतानपुर। टांडा–बांदा हाईवे पर बिरैता गांव के निकट गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंद दिया। इससे उस पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल तो सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अंबेडकरनगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र के बहलोलपुर निवासी जीशान (26) पुत्र सबरुद्दीन अपने दोस्त लियाकत (28) पुत्र अब्दुल्ला जफ्फार के साथ गुरुवार को किसी काम से सेमरी बाजार आया था। दोपहर करीब 12 बजे दोनों वापस घर लौट रहे थे। बिरैता गांव के पास अंबेडकरनगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस ने दोनों को रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को सीएचसी सेमरी भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने जीशान को मृत घोषित कर दिया। लियाकत का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मवेशी चोरों ने किसान पर किया हमला

सुलतानपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दो गांवों से बदमाश पांच मवेशी उठा ले गए। विरोध करने पर एक किसान पर हमला कर दिया गया। गुरुवार की रात तरही गांव निवासी विजय बहादुर सिंह घर के दरवाजे पर मवेशी बंधे हुए थे। देर रात चोरी की नीयत से पहुंचे बदमाश मवेशियों को खोलने लगे। जिससे विजय बहादुर जाग गए और शोर मचाना शुरू कर दिया। बदमाशों ने लाठी–डंडों, ईंट–पत्थर से उन पर हमला बोल दिया। बदमाशों के पिकअप वाहन से दो भैंसों में से एक कूदकर भाग निकली। दूसरी वारदात बेलौना पूरब गांव में हुई। गांव निवासी किसान राम आसरे यादव मड़ाई के सिलसिले में रात में घर पर नहीं थे। करीब 12 बजे जब वे वापस घर पहुंचे तो पशुशाला से दो भैंस, दो पड़िया गायब मिली।

## कई वर्षो से चल रही थी असलहा फैक्ट्री

सुलतानपुर। कोतवाली देहात थाने के मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर चल रहा अवैध कारखाना कई सालों से चल रहा था और पुलिस को इसकी भनक तक नही लगी। अर्धनिर्मित असलहों के साथ गिरफ्तार रवींद्र चौहान उर्फ डाक्टर वाराणसी हाईवे के रामनगर में ट्रक लूट, चोरी व राहजनी समेत कई आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। हनुमानगंज पंचायत के पांडेयपुर गांव में थाने के हिस्ट्रीशीटर रवींद्र का घर है। हाल ही में पुलिस ने घर के अंदर से ही असलहा बनाने के सामान के साथ उसे गिरफ्तार किया था। रवींद्र का अपराधों से पुराना नाता है। जांच में पता चला है कि रवींद्र के साथ इस कारोबार में अन्य लोग भी शामिल हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## कुएं में गिरने से छात्र की मौत

सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र जयसिंहपुर के परसडा गांव निवासी श्याम चन्दर पांडेय का दस वर्षीय पुत्र बाल मुकुंद गुरुवार की दोपहर स्कूल से घर पहुंचा। उसके बाद बाल मुकुंद साइकिल लेकर अन्य साथियों को देखने जा रहा था। घर से थोड़ी दूर कुएं के पास साइकिल से अनियंत्रित होकर कुएं मे गिर पड़ा। गुहार लगाने पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने जब तक छात्र को कुएं से बाहर निकाला, उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने घटना से अनभिज्ञता जताई।

# आपकी हक की लडाई में आप मुझे अपने साथ पायेगे यह विश्वास दिलाने अपने अधिवक्ता परिवार के बीच आया हूं : तनुज पुनिया

बाराबंकी। मै अपना नामांकन करने के बाद सीधे आपका आर्शीवाद लेने के लिये आपके बीच में आ गया हूं। मै आपको विश्वास दिलाता हूं कि जिस तरह मेरे सांसद पिता पी0एल0 पुनिया आपके हर संघर्ष में आपके साथ थे और है उसी तरह मै आपके हर संघर्ष में कभी पीछे नही हटूंगा और आपकी हक की लडाई में आप मुझे अपने साथ पायेगे। यह विश्वास दिलाने अपने अधिवक्ता परिवार के बीच आया हूं। उक्त बाते 53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी (अ0जा0) के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज जिला कलेक्ट्रेट में अपने प्रस्तावक अमरनाथ मिश्रा तथा कपिल देव वर्मा के साथ नामांकन के दोबारा दो सेट दाखिल करने के पश्चात् जिला कचेहरी में अधिवक्ता भाईयो से जनसम्पर्क के दौरान कहते हुये कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की, जनसम्पर्क अभियान के इसी क्रम में राज्यसभा सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर में बदोसराय चौराहे पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करके जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा सम्बोधित करते हुये सांसद पुनिया ने कहा कि आजादी से लेकर आजतक इस देश से गरीबी के खिलाफ लडाई कांग्रेस पार्टी ने लडी है आजादी के समय जो गरीबी 75 प्रतिशत थी वह अब 20 प्रतिशत बची है उस 20 प्रतिशत गरीबो को न्याय योजना (न्यूनतम मासिक आय) लागू करके देश से गरीब खत्म करने का संकल्प कांग्रेस पार्टी ने लिया है। देश के 5 करोड परिवारो को प्रतिमाह 6 हजार रूपये मासिक मतलब एक वर्ष में 72 हजार रूपये सरकार उपलब्ध करायेगी इसके लिये कांग्रेस पार्टी वचनबद्ध है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में नौजवान, बेरोजगारी, किसान की कर्जमाफी को न शामिल करके साबित कर दिया है कि उसके ऐजेण्डे में सिर्फ पूजीपति मित्र है किसान, नौजवान, रोजगार, से उनका कोई लेना देना नही है। आजादी के बाद यह पहली सरकार भाजपा की ऐसी सरकार है जिसने अपना एक भी 2014 का चुनावी वादा पूरा नही किया, किसानो की फसल का लागत मूल्य नही निकल रहा है भाजपा का किसानो की आय दुगनी करने का वादा हवा हवाई साबित हुआ नौजवानो को नौकरी नही मिली उसकी जगह नोटबन्दी, जी0एस0टी0 लगाकर भाजपा सरकार ने रोजगार करने वालो को बेरोजगार बनाकर देश में बेरोजगारो की फौज खडी कर दी और उसकी और अपनी ही सरकार में बेरोजगारी के आंकडे देना बन्द कर दिया, इस देश के अन्नदाता के खेत में डाली जाने वाली यूरिया खाद की बोरी जो आजतक 50 किलो की मिलती थी उसे 45 किलो की भाजपा सरकार ने कर दी, उसकी फसल को छुट्टा जानवरो से चराकर उसे रात दिन जगाने और खेत की रखवाली करने वाली मोदी सरकार को इस देश का नौजवान किसान आवाम कभी नही माफ करेगी। सांसद पुनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र "हम निभायेगे" में इस देश की आवाम से वादा किया है कि इस देश के अन्नदाता का कर्जमाफ करेगे और स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार फसल का समर्थन मूल्य देकर किसान को कर्जमुक्ति की तरफ ले जायेगे, देश के बेरोजगारो को रोजगार दिये जायेगे, 5 करोड परिवारो के 25 करोड लोगो को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर प्रतिवर्ष 72 हजार रूपये देने का वादा कांग्रेस का है और यह तभी सम्भव है जब देश में कांग्रेस सरकार होगी। इस देश से गरीबी हटाने, किसान नौजवान के भविष्य के सवांरने के लिये राहुल गांधी प्रधानमंत्री बने इसके लिये कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतो से जिताये और कांग्रेस की सरकार बनाने का रास्ता सुगम करेगे। कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने जिला कचेहरी में अधिवक्ता परिवार से मिलपे के पश्चात् नगर में समाजसेवी दिनेश टंडन के घर पर पहुंचकर सम्भ्रान्त नागरिको तथा व्यापारियो से भेट करके उनका आर्शीवाद लेकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की, पूर्व विधायक, छोटे लाल यादव ने विकास खण्ड देवा तथा सरवर अली खां ने विकास खण्ड रामनगर में जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का अनुरोध किया। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ जिला कचेहरी में जनसम्पर्क के दौरान अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, लीगल सेल के अध्यक्ष कमलेश चन्द्र शर्मा, अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन लाल द्विवेदी,देवेन्द्र प्रताप यादव, पूर्व महासचिव हिसाल बारी, कपिल देव वर्मा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, सुरेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, जय कुमार वर्मा, संजय वर्मा, इरफान कुरैशी, सरजू शर्मा, रामेश्वर दयाल वाजपेयी, प्रदीप मौर्या, बब्लू गौतम, प्रभात सहित दर्जनो की संख्या में अधिवक्तागण परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 को निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न

बाराबंकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 को निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक डा0एम0टी0रिजु एवं पुलिस प्रेक्षक एस0एस0मैग्ने को तैनात किया गया है। जनपद बाराबंकी में प्रेक्षकगण रिलायन्स इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, देवा रोड बाराबंकी के अतिथि गृह में ठहरे हुए है। सामान्य प्रेक्षक डा0एम0टी0रिजु का मोबाइल नम्बर 9305885640 एवं पुलिस प्रेक्षक एस0एस0मैग्ने का मोबाइल नम्बर 9305889911 है, निर्वाचन सम्बन्धी किसी प्रकार की सूचना दी जा सकती है। पुलिस प्रेक्षक के जनपद बाराबंकी में प्रवास के दौरान स्वयं मिलकर तथा जनपद अयोध्या प्रवास के दौरान मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सूचना उपलब्ध करा सकते है। लोक सभागार में राजनैतिक दलों एवं समस्त अधिकारियों के साथ सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने बैठक आहूत की। बैठक में पुलिस प्रेक्षक ने बताया कि निर्वाचन के दौरान दो जनपद सौंपे गये है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल लगातार भ्रमण कर जनपद में निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे। प्रेक्षक ने निर्वाचन की सभी टीम प्रभारियों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में अब तक किये गये कार्यो के बारे में व्यापक जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक ने बताया कि प्रशासन प्रभारियों द्वारा विधिवत कार्य किया जा रहा है, इसी प्रकार पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य को पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, व्हाटऐप पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सामान्य प्रेक्षक ने बताया कि न्यूज पेपर के हेड लाइन पर भी ध्यान दे। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्वाचन केन्द्रों की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। राजनैतिक दलों के द्वारा भी नियमों का पालन किया जाये। उपजिलाधिकारियों ने व्यवस्थाओं एवं कार्यो के बारे में बताया कि पर्चियां बांट दी गयी है। उन्होंने दरियाबाद एवं रूदौली विधान सभाओं के बारे में बताया कि यहां नदी के उस पार भी मतदान केन्द्र है, उनकी व्यवस्था की गई है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी उदय भानु त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन के दौरान समय का अत्यधिक ध्यान रखें। निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। विधिवत कार्य को समयानुसार सम्पन्न करें। मुख्य विकास अधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि सभी सेन्टर स्थापित कर लिये गये है। उन्होंने कन्ट्रोल रूम की जानकारी से प्रेक्षक को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं में व्हील चेयर की सुविधाओं की व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जा रहा है। पूरी तत्परता से कार्य को पूर्ण किया जा रहा है। लगातार प्रत्येक गतविधियों पर नजर रखते हुए निर्वाचन कार्य को पूरा किया जा रहा है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# आल इण्डिया जश्ने हजरत अब्बास 26 अप्रैल 2019 को तैयारी जोरो पर

बाराबंकी। मीडिया प्रभारी सरवर अली रिजवी ने बताया पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष होने वाले आल इण्डिया जश्ने हजरत अब्बास (आ.) के 17 वें वर्ष की तैय्यारिया जोरो पर चल रही है। यह जश्न 26 अप्रैल 2019 को रात्रि 08:30 बजे कर्बला सिविल लाइन्स फैजाबाद रोड बाराबंकी में होगा। इस कार्यक्रम की खिताबत मौलाना मेराज हैदर खान साहब किब्ला आजमगढ़ करेगें। इसके बाद देश विदेश के मशहूर शायर नजरानये अकीदत पेश करेगें। अन्जुमन गुन्चये अब्बासिया के तत्वाधान में होने वाले इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए अन्जुमन के अध्यक्ष शाहिद हुसैन रिजवी और महामन्त्री कशिश संडीलवी ने बताया कि शुक्रवार 26 अप्रैल 2019 को कर्बला सिविल लाइन्स बाराबंकी में 08:30 बजे कार्यक्रम की शुरूवात तिलावते कलामे पाक से होगी। जिसको कारी नदीम नजफी करेगें। इसके बाद महफिल की शुरूआत अन्जुमन के सरपरस्त अमीर हैदर एडवोकेट व तकी नकवी की सदारत में तथा निजामत किरतास करबालाई से शुरू होगी, जिसमें देश विदेश के मशहूर शायर नजरानये अकीदत पेश करेगें। अन्जुमन के सेक्रेट्री सैय्यद जफर इमाम, कनविनर– जनाब कशिश सडीलवी व सै.कमर इमाम. नाएब सेक्रेट्री सै.जीशान हैदर.अममार हैदर व नाएब सदर रजा हैदर,सैयद जाफर इमाम,सदिक हुसैन. शकील हैदर तथा निगरां डॉ0 असद अब्बास,सै. मुजाहिद हुसैन नकवी, रजा हुसैन रेनु ,इरफाद हुसैन, ने हर मजहबो मिल्लत के लोगों से अपील की है इस कार्यक्रम में आकर शिरकत करके सवाबे दारेन हासिल करें। महिलाओं के पर्दे का इन्तेजाम रहेगा। बैरूनी हजरात के खाने का भी इंतजाम अंजुमन की जानिब से रहेगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान(स्वीप) के तहत चलाई जा रही मतदाता एक्सप्रेश का शुभारम्भ

बाराबंकी। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत चलाई जा रही मतदाता एक्सप्रेश का शुभारम्भ नवाबगंज तहसील के प्रांगण से जिला निर्वाचन अधिकारी बाराबंकी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया इस अवसर पर उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था बाराबंकी, राजीव गाधी स्काउट दल (स्वतंत्र) बाराबंकी एव बाराबंकी ताइकानक्वोंडो एसोसिएशन ने परतिभाग किया यात्रा के दौरान मतदाता एक्सप्रेश के विकाश खण्ड हरख कार्यालय पहुचने पर यूनिट के स्काउट मास्टर दीपक अवस्थी व एच०डब्लू० बी० स्काउट मास्टर अभिषेक कुमार वर्मा द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसका शुभारम्भ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्री राम नारायण, स्वीप कोऑर्डिनेटर कौशलेन्द्र कुमार एवं यूथ आइकॉन प्रदीप सारंग ने संयुक्त रूप से किया, कार्यक्रम के दौरान सीनियर स्काउट नीरज शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिक्षा मित्र एवं संत कवि बाबा बैजनाथ महाविद्यालय की एन एस एस विंग के स्वयंसेवक आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# पंजाबी भाषा पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

## पंजाबी भाषा एक हिन्दू –आर्यन भाषा है जो निवासियों और प्रवासियों द्वारा बोली जाती है –सरदार राजेन्दर सिंह

बाराबंकी,17 अप्रैल 2019 (यूएनएस)। पंजाबी भाषा पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित नगर के शुभम गेस्ट हाउस में राम अधार ग्राम्य विकास समिति बाराबंकी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित एवं भारतीय भाषा संस्थान मैसूर द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार राजेन्दर सिंह ने कहा–पंजाबी भाषा एक हिन्दू –आर्यन भाषा है जो निवासियों और प्रवासियों द्वारा बोली जाती है। कम से कम 300 वर्षो से लिखित आधारित है जो ऐतिहासिक माझा क्षेत्र की भाषा है पंजाबी भाषा पंजाब की आधुनिक आर्य भाषा है। पूर्वी पंजाबी व पश्चिमी पंजाबी की दो उप भाषाये है एक तीसरी उप भाषा है जिसे डोगरी कहते है जो जम्मू कश्मीर के दक्षिण पूर्वी प्रदेश कांगड़ा के आस पास बोली जाती है। सरदार गुरमीत सिंह ने कहा यह भगवान की भाषा है पंजाबी भाषा की लिपि गुरमुखी है जिसका अर्थ है भगवान की भाषा। यह भाषा ईश्वर ने सभी को दी है। मुख्य रूप से अतिथियों में सरदार राजेन्दर सिंह, सरदार सतपाल सिंह, सरदार गुरूमीत सिंह, सरदार दलजीत सिंह और कुलवंत कौर थीं।कार्यक्रम का कुशल संचालन दीपा तिवारी ने किया। कार्यक्रम में संगीता सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता सिंह ने किया।समिति की सचिव अर्चना श्रीवास्तव ने कहा एक नई भाषा सीखना हमेशा एक सम्पत्ति है, इस प्रकार कई भाषाओं को जानने के लिए अवसर मिलते हैं, हम इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी करते रहेंगे जिससे समाज को लाभ पहुंचे। इसके अलावा बिन्दू पाण्डेय, अमिता श्रीवास्तव, संजय वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव, शत्रोहन लाल श्रीवास्तव, ऊषा श्रीवास्तव, बलवीर शर्मा ,सुमन श्रीवास्तव आदि के अलावा तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर लंच पैक वितरण हुआ। संस्था की सचिव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## परिषदीय विद्यालयों में वितरित ढाई लाख से अधिक किताबें

अयोध्या। इस बार परिषदीय विद्यालयों में अप्रैल माह के आखिरी तक सभी कक्षाओं के किताबों के बंटने की उम्मीद बढ़ गई है। किताबों की दो खेप बीएसए कार्यालय पहुंची। इन किताबों को सत्यापित कर इसे विद्यालयों को भेज दिया गया है, जहां विद्यार्थियों में इसे बांटा गया। अब तक दो लाख 92 हजार किताबें छात्र–छात्राओं में वितरित हुई है। अलग–अलग कक्षाओं की कुल 14 लाख किताबों की डिमांड है। बीएसए अमिता सिंह ने बताया कि कुल दो लाख 25 हजार किताबों को बांटा गया है। बताया कि 72 हजार किताबों को सत्यापित करने के बाद इसे वितरित किया जाएगा। अप्रैल माह के आखिरी तक सभी कक्षाओं के किताबें के पहुंच जाने की उम्मीद है।

## मासूम के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

अयोध्या। साढ़े तीन साल के मासूम सगुन की हत्या करने वाले जगप्रसाद यादव उर्फ जग्गू को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया गया है। अपराधी को सजा भुगतने के लिए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। पीड़ित परिवार अनुसूचित जाति का है। अभियुक्त पर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के उत्पीड़न का आरोप लगा, लेकिन इस अपराध में उसे बरी कर दिया गया। वारदात कुमारगंज थाना क्षेत्र के पिठला गांव की थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडे के मुताबिक 22 अप्रैल 2015 की रात पिठला गांव में बारात आई थी। इस कारण काफी शोरगुल था। इसी दौरान अभियुक्त रामलौटन उसके दरवाजे पर पहुंचा और छप्पर के नीचे सोई वादी की भतीजी रेखा का गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया। रेखा ने गोहार लगाया तो अभियुक्त ने बगल में सोए पुत्र सगुन व एक साल के बच्ची को उठाकर कुंए में फेंक दिया। उसने वहां खड़ी मोटर साइकिल में तोड़–फोड़ भी की। गांव वालों के मौके पर पहुंचते ही वह भाग गया। गांव वालों ने तुरंत दोनों बच्चों को कुएं से निकालकर कुमारगंज स्थित अस्पताल में पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सगुन को मृत घोषित कर दिया। बच्ची को किसी तरह बचा लिया गया। अदालत ने अभियुक्त के विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास व पिटाई करने को दोषी पाया।

## कचहरी सूनी, हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

अयोध्या। ईसाईयों के पर्व गुड फ्राई–डे पर अवकाश के मद्देनजर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने हड़ताल रखी। इसका असर दीवानी न्यायालय पर पड़ा। कलेक्ट्रेट में अवकाश के मद्देनजर कचहरी सूनी रही। हड़ताल के कारण बची कसर भी पूरी हो गई। यही स्थिति गुरुवार को महावीर जयंती के मौके पर भी थी। सार्वजनिक अवकाश के दिन दीवानी न्यायालय को खुला रखने पर अधिवक्ताओं ने रोष जताया। अयोध्या बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह व उपाध्यक्ष बीएल वर्मा का कहना है कि पहले इन मौकों पर दीवानी न्यायालय में अवकाश रहता था, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया। इस बार भी गुड फ्राई–डे व महावीर जयंती के मौकों पर केंद्र सरकार, बैंकों व राज्य सरकार के कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश था, लेकिन दीवानी न्यायालय खुले थे। ऐसी स्थिति से वादकारियों में असमंजस की स्थिति बनती है। कैसर मेंहदी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र दुबे, वाईवी मिश्र, राजेंद्र प्रताप सिंह, चंद्रबख्श दुबे, धनुष श्रीवास्तव, मार्तंड प्रताप सिंह व अन्य अधिवक्ताओं ने प्रमुख अवकाशों के दिन दीवानी न्यायालय में अवकाश घोषित करने की मांग की है।

## नामांकन में मदद कराने में दारोगा एवं होमगार्ड जवान फंसे

अयोध्या। नामांकन प्रक्रिया की अवधि अपराह्न तीन बजे समाप्त हो गई। उसके बाद नामांकनपत्र उपलब्ध करा प्रत्याशी का नामांकन कराने में मदद करने में उप निरीक्षक हरिश्चंद्र यादव एवं होमगार्ड प्रमोद कुमार दुबे कार्रवाई की चपेट में आ गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने दोनों को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए एसएसपी जोगेंद्र कुमार को पत्र लिखा है। नामांकन अवधि बीतने के बाद दरवाजा जिला निर्वाचन अधिकारी ने बंद करा दिया था। नामांकन के लिए प्रत्याशी एवं प्रस्तावक को कक्ष में बुला लिया गया था। इंडियन कूसल पार्टी के मनीराम पुत्र रामसमुझ, निवासी ग्राम चांदपुर थाना व तहसील रुदौली नामांकन करने के लिए मौजूद थे। उनके पास नामांकन प्रपत्र उपलब्ध नहीं था। थोड़ी देर बाद वह नामांकन प्रपत्र के साथ फिर आया। पूछने पर बताया उक्त नामांकन कक्ष में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उपलब्ध कराया है। नामांकन प्रपत्र उपलब्ध कराने के लिए सीसीटीवी के रिकार्डर की फुटेज चेक कराने पर उप निरीक्षक बाहर से प्रपत्र देते हुए दिखाई दिया। सामान्य प्रेक्षक ए. सूर्यकुमारी भी उस समय नामांकन कक्ष में मौजूद रहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 03 बजकर 08 मिनट 52 सेकेंड पर सीसीटीवी फुटेज में यह रिकार्ड है। उन्होंने इसे न केवल निर्देशों की अवहेलना माना बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप की कुचेष्टा भी बताया।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल

बीकापुर (अयोध्या)। कोतवाली क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहली दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे पिपरी जलालपुर–रामपुरभगन मार्ग पर गुंधौर पेट्रोलपंप के समीप हुई। अज्ञात कार की चपेट में आने से बाइक सवार मूलचंद मिश्र (50) निवासी टूटे का पुरवा सराय भनौली घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक कार सहित फरार हो गया। बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाए थे, जबकि दूसरी सड़क दुर्घटना शाम करीब पांच बजे बीकापुर कस्बे के साधन सहकारी समिति के समीप हुई। दो बाइक की आमने–सामने टक्कर में एक बाइक पर सवार सत्यप्रकाश निवासी रामनगर चौरेबाजार तथा दूसरी बाइक पर सवार शुभम निषाद निवासी नदरौली बीकापुर तथा आशीष कुमार निवासी जजवारा हैदरगंज घायल हो गए।

# हाईवे पर खड़ी ट्रक से टकराए वाहन, दो की मौत

अयोध्या। नेशनल हाईवे पर बूथ नंबर चार के पास शुक्रवार की भोर में गोरखपुर लेन पर गिट्टी लदी खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार पिकअप जा भिड़ी। पीछे आ रही कार अनियंत्रित हो पिकप से जा टकराई। हादसे में घटना स्थल पर ही पिकअप चालक समेत दो युवकों की मौत हो गई, जबकि कार सवार बालक समेत तीन लोग घायल हो गए। हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम लगा रहा। गाड़ियों को साइड लेन पर करवाने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

भोर तकरीबन साढ़े पांच बजे के आसपास हादसा हुआ। बूथ नंबर चार के पास गिट्टी लदी एक ट्रक पंचर होने के कारण खड़ी थी। गोरखपुर की ओर जा रही मुर्गी लदी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और सवार चालक मो. इलियास पुत्र एखलाक व राजकुमार निवासी पूरे पांडेय, जगदीशपुर जिला अमेठी की वाहन के अंदर ही दब कर मौत हो गई। तभी पीछे से आ रही कार दुर्घटनाग्रस्त पिकअप में जा टकराई। कार चालक सिराज निवासी डुमरियागंज बस्ती, बासू (13) व सलीम निवासी जिला गोंडा घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार घायलों को पहले जिला अस्पताल भेजवाया और पिकअप के दरवाजे वाले हिस्से को कटवाकर अंदर फंसे चालक व उसके साथी को निकालने में जुट गई। कुछ देर बाद दोनों को बाहर निकलवा कर जिला अस्पताल भेजवाया गया, जहां डाक्टरों



ने मृत घोषित कर दिया।

इस बीच गोरखपुर लेन पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की सहायता से वाहनों को खिचवाकर साइड लेन पर करवाया। जिसके बाद हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका। रानोपाली चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के परिवारी जन को सूचना भेज दी गई है। कार चालक की हालत गंभीर है, जबकि अन्य दो को मामूली चोटें आई है।

# लखनऊ पुलिस को डकैत बताने वाला चला रहा था पोंजी कंपनी

अयोध्या। रकम दोगुना करने के नाम पर धोखाधड़ी में फंसे अंकित अग्रहरि वही शख्स है, जिसने कभी लखनऊ पुलिस को डकैत करार दिया था। गत दस मार्च को सुलतानपुर का कोयला व्यापारी बताने वाले अंकित ने लखनऊ के गोसाईंगंज थाना के दारोगा पवन मिश्र, आशीष तिवारी व सिपाही प्रदीप सिंह सहित सात लोगों के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज कराया था। अंकित ने दारोगा सहित सभी सात लोगों पर ओमेक्स रेजीडेंसी स्थित अपने आवास में घुसकर डकैती डालने का आरोप लगाया था। अंकित के कमरे से पुलिस को करोड़ों रुपये बरामद हुए थे। अयोध्या में हुए आर्थिक अपराध में अंकित की संलिप्तता मिलने के बाद लखनऊ पुलिस पर लगाए गए उसके आरोपों पर भी सवाल खड़ा हो गया है। ये भी उठने लगा है कि ओमेक्स रेजीडेंसी में अंकित के कमरे से मिले रुपये कहीं पोंजी कंपनी की कमाई तो नहीं थी। सीओ मिल्कीपुर रुचि गुप्त ने भी इसकी पुष्टि की है कि सुलतानपुर जिले के ध्‍ानपतगंज कूरेभार निवासी अंकित अग्रहरि वही व्यक्ति है, जिसने लखनऊ में पुलिस पर डकैती का मुकदमा दर्ज कराया था।

कुमारगंज में अंकित और उसका रिश्तेदार साल भर से अधिक समय ये रकम दोगुना करने का झांसा देकर अपनी कंपनी में निवेश करवा रहे थे। रुपया फंसने लगा तो लोगों को दोनों की मंशा पर संदेह हुआ। चेक बाउंस होने लगे तो धोखाधड़ी की आशंका और पुख्ता हो गई, जिसके बाद लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर कुमारगंज थाने का घेराव किया। पुलिस ने अंकित व एक अन्य युवक को हिरासत में लिया है। सर्वेश अभी फरार है। दोनों के खिलाफ पुलिस को अब तक तीन सौ से अधिक तहरीर प्राप्त हो चुकी है।

### पोंजी स्कीम क्या है

आर्थिक धोखाधड़ी की ऐसी योजना, जिसमें भोले–भाले निवेशकों को अधिक धन कमाने का लालच देकर चंगुल में फंसा लिया जाता है और फिर कुछ समय बाद उनका पूरा पैसा लेकर चंपत होने की योजना को पोंजी स्कीम कहा जाता है। ऐसा अपराध करने वाली संस्था को पोंजी कंपनी कहा जाता है।

# आलू की बोरी छूने पर पीटा, दो साल की सजा

अयोध्या। अनुसूचित व्यक्ति के हाथों आलू का बोरा छू जाने के कारण सगे भाइयों ने उसे अपमानित किया और बेरहमी से पीटा। 2006 में हुई इस घटना में मंटू गुप्ता व सोनू गुप्ता को अदालत ने दो–दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों को दो–दो हजार रुपये भी जुर्माना के तौर पर भरना पड़ेगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रोहित पांडे के मुताबिक घटना पूराकलंदर थाना क्षेत्र में भदरसा कस्बा के लालपुर की थी। 31 मार्च 2006 को अनुसूचित जाति का राकेश दो बोरा आलू साइकिल पर लाद कर ला रहा था। रास्ते में साइकिल का संतुलन बिगड़ने से बोरा मंटू को छू गया, इससे वह नाराज हो गया। उसने अपने भाई सोनू के साथ राकेश को गालियां देकर पीटना शुरू कर दिया। सरिया से भी उस पर हमला किया गया। बचाव में चचेरे भाई राजेश को भी चोट पहुंचाई गई। राजेश में घटना की प्राथमिकी पूराकलंदर थाने में दर्ज कराई गई।

## आंबेडकर जयंती पर संविधान की शोभायात्रा निकाली

गोण्डा। संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीम राव आंबेडकर की 128वी जयंती पर रविवार को शहर में संविधान की शोभायात्रा निकाली गई। शहर जय भीम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। लोगों ने देश में समता मूलक समाज की स्थापना करने के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।बाबा साहेब डा. भीम राव आंबेडकर की जयंती समारोह समिति के बैनर तले निकाली गई रैली व शोभायात्रा में सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। दलित संगठनों के साथ कई अन्य पिछड़ी जातियों के संगठन भी रैली में शामिल हुए। गाजे – बाजे के साथ रैली जयनारायण चौराहे से शुरू हुई और बडगांव पुलिस चौकी, फव्वारा चौराहा, एलबीएस चौराहा होते हुए आंबेडकरर चौराहा पहुंची। यहां सभी लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद अम्बेडकर चौराहे पर सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जयराम सुमन, रामशरण गौतम, बाबूलाल, राम अचल, खुशीराम मौर्य, बामसेफ संयोजक रमेश विमल, हरिहर प्रसाद सोनकर, वंशराज मौर्य, हनुमान प्रसाद, घनश्याम मौर्य, पाटनदीन आर्य, चंद्र भान मौर्य, प्रेमराज, जयनारायण, अजय कुमार सरोज, बीपी विवेक, रवींद्र कुमार, ज्ञान चंद्र, संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार, बाबू लाल राव, राजकिशोर मौर्य, शिव प्रसाद मौर्य, सुनील आनंद, रवि आर्य, रिंकू गौतम, भानू प्रताप, अनूप कुमार, मेवाराम भाष्कर, श्याम देव, रामसुभावन, आलोक चौधरी, शिवबरन गौतम, डा राधेश्याम शास्त्री, विकास दीप सुमन, संतोष गौतम, प्रभाकर त्यागी, सच्चिदानंद कश्यप, अभयप्रताप गौतम, देवता प्रसाद चौधरी आदि रहे।

## द्वितीय चरण मतदान के लिए पुलिस बल रवाना

गोण्डा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए रविवार को यहां पुलिस लाइन से आधा दर्जन बसों में पुलिस कर्मियों को रवाना किया गया। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी के लिए जाने वाले पुलिस कर्मियों के साथ सीधा संवाद किया। पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह के निर्देश पर अधीनस्थ अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके अलावा निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का भी पाठ पढ़ाया। रविवार को द्वितीय चरण मतदान के लिए अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल को पुलिस लाइन परिसर में आवश्यक दिशा–निर्देश देकर व हरी झण्डी दिखाकर जनपद अमरोहा के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर सीओ सदर महावीर सिंह भी मौजूद रहे। एएसपी ने बताया कि पुलिस बल को आयोग के निर्देश पर अमरोहा जिले के लिए भेजा गया है। उन्होंने बतोया कि पुलिस कर्मियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

## गेहूं की फसल जलकर राख

गोण्डा। जिले के खोड़ारे इलाके में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लगभग अट्ठारह बीघा गेंहू जलकर राख हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के बनगवां में गांव के उत्तर तरफ काली स्थान के पास लगे ट्रांसफार्मर से शार्टसर्किट के कारण निकली चिंगारी से आग लग गयी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक आग पर काबू पाया जाता आग ने तैयार गेहूं की करीब अट्ठारह बीघे तैयार फसल को अपने आगोश में ले लिया और राख के ढेर में तब्दील कर दिया। आग से छत्रपाल, गुरुबक्स ,सलाहुद्दीन, अकरामुद्दीन, अब्दुल हकीम, मो बशीर आदि लोगो की लगभग अठारह बीघा गेंहू जलकर राख हो गयी। हल्का लेखपाल रामाराम शुक्ला ने कहा नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल बच्चों ने किया जागरूक

गोण्डा। जिले के इटियाथोक कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के छात्र–छात्राओं द्वारा मंगलवार को मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को विद्यालय के प्रबंधक सुरेश नारायण पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूली बच्चें अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे थे। रैली में शामिल सम्बंधित विद्यालय के अनेक शिक्षकों और बच्चों ने विभिन्न नारों के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली मुख्य डाकघर होते हुए पुलिस थाना के बगल मौजूद कन्या जूनियर हाई स्कूल से पुनः विद्यालय में वापस आकर समाप्त हुई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक सुरेश नारायण पाडेय ने बच्चों से कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी सरकार की आवश्यकता होती है। अच्छी सरकार के लिए अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए। सभी ने यह शपथ भी लिया कि हम स्वयं अपने परिवार के सदस्यों एवं पास पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उक्त रैली में प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी, कीर्ति प्रकाश त्रिपाठी एवं आचार्य संतोष चतुर्वेदी, आशीष मिश्र, शिवशरन, सदाकांत, प्रभाष मिश्र, विवेक शुक्ल, यात्री प्रसाद, किरन सिंह, श्वेता पाण्डेय, रूपाली, दीप नारायण, सुशील ओझा आदि अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## सांड़ के हमले में घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

गोण्डा। जिले के इटियाथोक क्षेत्र में सांड़ के हमले में घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। परासराय के मजरा नयेगांव में सीताराम सिंह उम्र 75 वर्ष बुधवार को घर से निकलकर चाय की दुकान पर गए थे। चाय पीने के बाद वह वापस अपने घर कीओर पैदल लौट रहे थे तभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने सांड़ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोट आ गयी थी। परिजन उन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गये। प्रधान प्रतिनिधि चतुर सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। सांड़ के हमले में अधेड़ की मौत से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आए दिन अवारा पशुओं के द्वारा दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती की मौत

गोण्डा। जिले के मेहनौन क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती की मौत का मामला सामने आया है। घर में शादी की का माहौल, शादी को लेकर परिवार के लोग तैयारी मे जुटे थे। परिवार को क्या पता कि जिस बेटी की शादी पर विदाई होनी थी उसकी अर्थी यही से निकलेगी। मामला कोतवाली इटियाथोक के एक गांव का है। इस गांव की एक युवती की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने पुलिस को सूचना दिए बिना आनन–फानन में मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना गांव वालों ने दी है। जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की पुत्री का प्रेम प्रसंग किसी अन्य के साथ चल रहा था। जिसको लेकर परिवार मे कई बार आपस में तकरार भी हो चुकी है। परिवार के लोगों ने पुत्री शादी दर्जी कुंआ के पास एक गांव में तय की थी। जानकारी के मुताबिक 1 मई को तिलक और 20 मई को लड़की की शादी का प्रोग्राम निर्धारित था। बताया जाता है युवती को यह रिश्ता पसंद नहीं था। गुरुवार रात में संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी लाश मिली। परिवार के लोग बिना पुलिस की सूचना के ही अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या पहुंच गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस भी बिना कुछ किए वापस लौट आई। पुलिस के मुताबिक गांव वालों ने बताया कि कुछ दिन पहले युवती की तबीयत खराब थी। जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार के लोग अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या ले गए। एसओ ने बताया कि फिर भी परिवार के लौटने पर उनसे पूछताछ की जाएगी।

# युवक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म

गोण्डा। जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में सो रही एक नाबालिग बालिका को घर से बाहर केले के खेत में उठा ले गया। आरोप है कि उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद हैवान ने उसे बेहोशी की हालत में वहां छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने सुबह बेहोशी की हालत में उसे गेहूं के खेत में देखा तो उठाकर घर पहुंचाया। होश आने पर बालिका ने मां से पूरी दास्तां बयां की। पुलिस ने दो दिन बाद बमुश्किल बालिका की मां की तरफ से युवक के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को ऐक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी अभी पुलिस के पकड़ से दूर है। बालिका की मां ने बताया कि वह अकेले अपने तीन नाबालिग बच्चों के साथ घर पर रहकर जीवन यापन करती है।13 अप्रैल की भोर एक बजे वह अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थी। उसकी नाबालिग पुत्री घर में दूसरी तरफ लेटी हुई थी। आरोप है कि तभी गांव का ही एक युवक उसके घर में घुसकर उसकी नाबालिग बेटी को बाहर एक गन्ने के खेत में उठा ले गया और वहां पर उसने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। हैवान ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह बेहोशी की हालत में उसकी पुत्री गेहूं के एक खेत में मिली। सुबह उसे उठाकर जब ग्रामीण घर लाए तो होश आने पर उसने पूरे घटना की जानकारी परिजनों को दी।

पीड़िता ने बताया कि पुलिस को सूचित करने के बाद भी उसकी रिपोर्ट देर में लिखी गई। एसओ बृजानंद सिंह ने बताया कि मुन्ना राम लोध के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## नहीं दी रंगदारी तो दबंग ने शिक्षक को पीटा

गोण्डा। जिले के उमरी बेगमगंज के प्राथमिक पाठशाला खजूरी निधि में तैनात सहायक अध्यापक राम कुमार के साथ स्थानीय निवासी एक दबंग ने मारपीट की और रंगदारी मांगी। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षक संगठनों मे उबाल आ गया है। परसपुर शिक्षक संगठन के अध्यक्ष विपिन सिंह के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षकों ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर देते हुए शिक्षक राम कुमार ने बताया कि उन्हें विद्यालय आते समय अक्सर मंगुरा बाजार निवासी लक्ष्मी नारायण दुबे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करता है। आज भी उसे पैसे ना देने पर उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और विद्यालय छोड़ देने के लिए कहा। थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने बताया कि तहरीर मिली है जांच करके कठोर कार्रवाई की जाएगी। शिक्षक प्रतिनिधि मंडल में प्रमोद कुमार द्विवेदी, अरुण कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र जी,संतोष कुमार पांडे सहित दर्जनों अध्यापक मौजूद रहे।

# शब–ए–बरात, क्षेत्रों में पुरजोर से तैयारियां

गोण्डा। रहमतों का महीना रमजान से पहले मगफिरत का महीना शाबान में होने वाला त्योहार शब–ए–बरात शनिवार को मनाया जाएगा। मजहब–ए–इस्लाम का महीना शाबान एक मुकद्दश महीना है। इसके लिए जिले के शहर से लेकर गांव कस्बों के मुस्लिम क्षेत्रों में पुरजोर से तैयारियां शुरू हो गई है। घर मस्जिद व कब्रिस्तानों में साफ–सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। शनिवार को इस्लामी कैलेंडर के मुताबिक आठवें महीने में पड़ने वाला त्योहार शब–ए–बरात की बड़ी फजीलत है। शब–ए–बरात माने निजात या रिहाई की रात कहा गया है। मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज कटहरिया मोहल्ले के कारी इलियास मुसाहिदी ने कुरआन व हदीश की रोशनी में बताया कि इस रात पूरी कायनात का मालिक अल्लाह पहले आसमान पर जलवागार होकर पुकारता है कि है कोई जो मगफिरत तलब करें तो मैं उसको बख्श दूं, कोई रिज्क मांगे उसे रिज्क दूं, कोई बीमार दुआं करें तो उसे शिफा दूं। उन्होंने बताया कि इस रात लोगों को पूरी रात अपने घरों व मस्जिदों में जागकर अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। अल्लाह के रसूल नबी–ए–पाक हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.) ने फरमाया है कि शाबान मेरा महीना है और रमजान अल्लाह का महीना है। शाबान गुनाहों को मिटाने वाला और रमजान पाक करने वाला महीना है। शब–ए–बरात को देखते हुए शहर व गांव की मस्जिदों और कब्रिस्तानों में साफ सफाई के साथ रोशनी का काम भी जोरों पर चल रहा है। शहर के करबला कब्रिस्तान, शेखकिला कब्रिस्तान, महारानीगंज घोसियाना कब्रिस्तान, कब्रगाह घोसियाना, तिवारीपुरवा कब्रिस्तान। मस्जिदों में जामिया मिनाईया मस्जिद, हुसैनी मिनाई मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, मदीना मस्जिद, मनिहार मस्जिद, जुमा मस्जिद, जलाली मस्जिद, इमनदार मस्जिद समेत गांव कस्बों में भी काम जोरों पर शुरू हो गया है।

# आग से जिंदा जलकर मां–बेटे की दर्दनाक मौत

गोण्डा। जिले के खरगूपुर इलाके में गुरुवार आधी रात को अज्ञात कारणों से लगी आग में एक महिला व उसके मासूम बच्चे की जिंदा जल कर दर्दनाक मृत्यु हो गई।खरगूपुर थाना क्षेत्र के निधिनगर के बलवंत नगर के पिंगल के परिवार के लोग गुरुवार रात को गेहूं काटने चले गए थे। इस दौरान घर पर उनकी पुत्री प्रभावती (25वर्ष) अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र रंजीत के साथ घर में अकेले सो रही थी। आधी रात के करीब उसकी मच्छरदानी में आग लग गई। आग की लपटों की दहक से उसकी नींद खुली तो चारपाई जल रही थी। उसकी चीख पुकार सुनकर जब तक पड़ोसी रामधीरज व अन्य पहुंचे तब तक मां और मासूम बेटा काफी जल चुके थे। सूचना पर पहुंचे एसओ संतोष कुमार तिवारी ने दोनों को सीएचसी भेजा। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति एमपी लाल बुड़नी बहराइच करीब दो साल से पत्नी की विदाई नहीं करा रहा था। जिस वजह से वह अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ मायके में रह रही थी। मृतका का पिता पिंगल रोजी रोटी कमाने के लिए बाहर रहता था। मां पार्वती व चाचा जैराम इलाज के लिए लेकर गए थे। मासूम व उसकी मां की मौत पर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। राजस्व निरीक्षक अभिषेक कुमार व क्षेत्रीय लेखपाल इम्तियाज खान ने मौके पर क्षति का आंकलन किया है। जिला प्रशासन ने बताया कि नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# बड़े भाई क्रुणाल ने की हार्दिक पांड्या की तारीफ कहा, क्रिकेट हमेशा उसकी प्राथमिकता रही

नयी दिल्ली। पिछले कुछ समय से विवादों के कारण चर्चा में रहे हार्दिक पंड्या की कड़ी मेहनत, कार्य के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ करते हुए उनके बड़े भाई क्रुणाल पंड्या ने गुरुवार को यहां कहा कि क्रिकेट हमेशा उनके छोटे भाई की प्राथमिकता रही। हार्दिक को एक टीवी कार्यक्रम के दौरान महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिये निलंबन झेलना पड़ा था।इसके अलावा पीठ की चोट के कारण भी वह बाहर रहे लेकिन विश्व कप से पहले यह आलराउंडर अपनी पूरी लय में लौट आया है और क्रुणाल ने इसका श्रेय मैदान से बाहर रहने के दौरान लगातार अपने खेल पर काम करते रहने को दिया।

क्रुणाल ने मुंबई इंडियन्स की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 40 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, हार्दिक चोट और जो मसला (विवाद) हुआ था, उस वजह से जब सातकृआठ महीने बाहर रहा तो उसने तब अपनी फिटनेस पर बहुत काम किया। हार्दिक के साथ मैंने बचपन से क्रिकेट खेली है और वह इस तरह का खिलाड़ी है जिसकी जिंदगी में क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता रहा चाहे कुछ भी हो। काम के प्रति उस जैसा समर्पण मैंने बहुत कम खिलाड़ियों में देखा है। वह बेहद कड़ी मेहनत करता है। उन्होंने कहा कि चोट और विवाद के बावजूद



हार्दिक हताश नहीं हुआ और लगातार अपने खेल पर काम करता रहा।

क्रुणाल ने कहा की हमेशा उसका या हमारा उद्देश्य अपने खेल में सुधार करना होता है क्योंकि लगातार सुधार करने से आपके खेल में निरंतरता आती है। इसलिए जब वह मैदान से बाहर रहा तो उसने इस दौरान अपने खेल पर काम किया और आज उसे इसका परिणाम मिल रहा है। उन्होंने कहा की हार्दिक की मुझे सबसे अच्छी बात यह लगती है कि वह कभी हार नहीं मानता और जब क्रिकेट की बात आती है तो वह उसके प्रति पूरा समर्पित होता है। जब वह 14–15 साल का था तब से उसकी प्राथमिकता केवल क्रिकेट रही है। क्रुणाल ने कहा कि वह अपने से तीन साल छोटे हार्दिक से काफी कुछ सीखते हैं क्योंकि वह किसी भी चीज का हमेशा सकारात्मक पक्ष देखते हैं।

उन्होंने कहा की अगर आप देखो तो उसने हर साल अपने खेल में नयी चीज जोड़ी है। वह आत्मविश्वास से भरा रहता है। मैंने उससे काफी कुछ सीखा है। किसी भी तरह की परेशानी में खुद को कैसे प्रेरित करना है, यह मैंने उससे सीखा है। वह हमेशा चीजों के सकारात्मक पक्ष पर गौर करता है। वह खुद पर संदेह नहीं करता। यह उसका एक विशेष गुण है दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दोनों पंड्या बंधुओं ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरे और पांचवें विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। हार्दिक ने 15 गेंदों पर 32 रन बनाये जिससे मुंबई पांच विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा।

क्रुणाल ने कहा, यह काफी मुश्किल विकेट था। जब हार्दिक खेल रहा था तो उसने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उसने पूरा परिदृश्य बदला। हम यह मानकर चल रहे थे कि 140 रन इस विकेट पर अच्छा स्कोर होगा लेकिन हमने जितना सोचा था उससे 20–30 रन अधिक बनाने में सफल रहे। सूर्यकुमार (यादव) के साथ मेरी साझेदारी महत्वपूर्ण रही। इससे हार्दिक के लिये अच्छा मंच तैयार हुआ। क्रुणाल ने गेंदबाजी करते हुए केदार जाधव जैसा एक्शन अपनाया। इस बारे में उन्होंने कहा, जिस तरह से टी20 प्रारूप आगे बढ़ रहा है उसमें आपको लगातार कुछ न कुछ अलग करना होगा। अब हर बल्लेबाज लंबे शाट खेलने में माहिर है और आपको कुछ नये प्रयोग करने होते हैं और वही मैंने किया।

## मितसुई शोजी टी20 लीग के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे श्रीलंकाई क्रिकेटरस

मुंबई। श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर रंगना हेराथ और चमिंडा वास यहां मितसुई शोजी टी20 लीग के आठवें टूर्नामेंट के उद्घाटन समरोह में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को आयोजकों ने यह घोषणा की। टूर्नामेंट के निदेशक और आयोजन सचिव ज्वाला सिंह ने बताया कि पांच टीमों के बीच होने वाली इस स्थानीय टी20 लीग की शुरुआत 23 अप्रैल से होगी और इसका पहला मैच मुंबई पुलिस जिमखाना में खेला जाएगा। श्रीलंका की ओर से 111 टेस्ट और 322 वनडे खेलने वाले 45 साल के वास नियमित तौर पर यहां



आते हैं जबकि बायें हाथ के महानतम स्पिनरों में से एक 41 साल के हेराथ ने भी उद्घाटन समारोह के लिए आयोजकों का निमंत्रण स्वीकार किया है। टूर्नामेंट में बांद्रा हीरोज, ठाणे मराठास, घाटकोपर जेट्स, मुंबई पुलिस सिटीराइडर्स और शिवाजी पार्क वारियर्स हिस्सा लेंगे।

# MI के खिलाफ जीत का लय कायम रखने उतरेगा राजस्थान रॉयल्स

जयपुर। खराब फॉर्म से जूझ रही राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ दूसरी जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आठ मैचों में छह हार और सिर्फ दो जीत के बाद टीम आठ टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है और मेजबान टीम यहां जीत दर्ज करने अपने अभियान में नई



जान फूंकने का प्रयास करेगी। रॉयल्स की टीम ने पिछले शनिवार को मुंबई को उसी के मैदान पर हराया था और टीम इस प्रदर्शन को शनिवार को भी दोहराने की कोशिश करेगी। सवाई मानसिंह स्टेडियम पर हालांकि रायल्स के खराब रिकार्ड के कारण टीम की राह आसान नहीं होगी। रायल चौलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ इस मैदान पर एकमात्र जीत दर्ज करने के अलावा टीम ने मौजूदा सत्र में अपने बाकी तीनों घरेलू मैच गंवाए हैं।

इंग्लैंड के जोस बटलर ने रायल्स की ओर से उम्दा बल्लेबाजी की है। उनकी 43 गेंद में 89 रन की पारी की बदौलत रायल्स ने मुंबई को चार विकेट से हराया था लेकिन बाकी बल्लेबाज या तो रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं या फिर उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं है। मौजूदा सत्र का पहला शतक जड़ने वाले संजू सैमसन भी पिछली कुछ पारियों में नाकाम रहे हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पा रहे हैं। उनका पिछले मैच में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने का फैसला भी फायदेमंद साबित नहीं हुआ और टीम मोहाली में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने में विफल रही।

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के आलराउंडर बेन स्टोक्स भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और स्पिनर श्रेयस गोपाल ने प्रभावित किया है लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों का उचित साथ नहीं मिला है विशेषकर डेथ ओवरों में। पिछले मैच में टीम ने स्टुअर्ट बिन्नी और एश्टन टर्नर को मौका दिया था। बिन्नी ने कुछ अच्छे शाट खेले लेकिन टर्नर खाता खोलने में भी नाकाम रहे। पारी का आगाज करने उतरे राहुल त्रिपाठी ने 45 गेंद में 50 रन बनाए लेकिन अर्धशतक पूरा करते ही अपना विकेट विरोधी टीम को तोहफे में दे दिया। दूसरी तरफ मुंबई की टीम आक्रामक बल्लेबाजों, स्तरीय गेंदबाजों और प्रभावी आलराउंडरों की मौजूदगी में काफी मजबूत लग रही है। गुरुवार रात दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 40 रन की जीत के बाद टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही है और राजस्थान के खिलाफ पहले मैच में मिली हार का बदला चुकता करके प्ले आफ में जगह बनाने के करीब पहुंचने की कोशिश करेगी। कप्तान रोहित शर्मा और क्विंटन डिकाक की सलामी जोड़ी टीम को उम्दा शुरुआत दिला रही है जबकि पंड्या बंधुओं हार्दिक और कृणाल के अलावा कीरोन पोलार्ड डेथ ओवरों में प्रभावी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुंबई के पास जसप्रीत बुमराह और श्रीलंका के अनुभवी लसिथ मलिंगा के रूप में डेथ ओवरों के दो सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। युवा स्पिनर राहुल चाहर ने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट चटकाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जबकि कृणाल भी बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे। दोनों टीमें अब तक 22 बार एक दूसरे से भिड़ी हैं जिसमें मुंबई ने 11 जबकि रॉयल्स ने 10 मैचों में जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच 2009 में एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। मैच शाम चार बजे शुरू होगा।

## हार से निराश कप्तान श्रेयस अय्यर ने डेथ ओवरों की गेंदबाजी पर जताई चिंता

नयी दिल्ली। हार से निराश दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि डेथ ओवरों की गेंदबाजी उनकी टीम के लिए चिंता की बात है। दिल्ली की टीम को गुरुवार रात मुंबई इंडियन्स के खिलाफ एकतरफा मैच में हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली के गेंदबाजों ने आखिरी 18 गेंदों पर 51 रन लुटाए जिससे मुंबई की टीम पांच विकेट पर 168 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इसके जवाब में दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 128 रन ही बना सकी जिससे उसे मौजूदा सत्र में फिरोजशाह कोटला पर चार



मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। अय्यर ने मैच के बाद कहा की हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम घरेलू मैच जीतें। विशेषकर इन विकेटों पर। हमने टास भी गंवा दिया और उन्होंने खेल के तीनों विभागों में हमें पछाड़ा। उन्हें श्रेय जाता है। उन्होंने कहा की जहां तक डेथ ओवरों में गेंदबाजी का सवाल है तो यह काफी चिंता की बात है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। गेंद रुककर आ रही थी। नए बल्लेबाजों के लिए मुश्किल था। अंतिम तीन ओवरों ने मैच को बदलकर रख दिया।

# श्रीदेवी की छोटी बेटी के स्टाइलिश लुक के आगे फीकी पड़ी तारा-अनन्या की शॉर्ट ड्रेसेस

बॉलीवुड के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने घर ग्रैंड डिनर पार्टी रखी। इस पार्टी में कई स्टार्स नजर आए। मनीष मल्होत्रा ने बींकवद पदकपं के साथ डिनर पार्टी होस्ट की। पार्टी में सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बनीं अनन्या पांडे, खुशी कपूर और तारा सुतारिया। लेकिन खुशी के आगे तारा और अनन्या की बोल्ड लुक फीकी पड़ गई।

खुशी कपूर

इस दौरान एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की छोटे बहन खुशी ने अपने लुक से पार्टी में चार–चांद लगा दिए। इस खास मौके पर वो व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ रेड कलर की पैंट में काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं। उन्होंने मुस्कुराते हुए मीडिया कैमरा को पोज दिए। श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी ने भले ही अभी बॉलीवुड में कदम ना रखा हो, लेकिन अपने ड्रेसिंग सेंस और फैशन स्टाइल को लेकर चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी पार्टी की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

अनन्या पांडे

फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रहीं चंकी पांडे की बेटी अनन्या अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। फिल्मों में आने से पहले भी वह अपने स्टाइल, फैशन और ड्रेसिंग सेंस से सुर्खियां बटोरती रहती हैं। मनीष मल्हौत्रा के घर पार्टी में अनन्या वन पीस गोल्डन कलर की ड्रेस में पहुंची। मिनिमल मेकअप के साथ खुले बालों में वो काफी खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन खुशी के सामने उनका हॉट और बोल्ड अंदाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया।

दिखाई देंगे। वहीं, तारा भी मनीष मल्होत्रा के घर पार्टी अटेंड करने पहुंची थीं। इस खास मौके पर वो







तारा सुतारिया

तारा सुतारिया भी करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और अनन्या पांडे लीड रोल में

सिल्वर मिनी स्कर्ट ड्रेस में काफी हॉट नजर आ रही थी। पार्टी में उन्होंने पैपराजी को पोज देते समय खूब मस्ती भी की। वहीं, तारा की मिनि ड्रेस भी खुशी के स्टाइलिश लुक के आगे फीकी पड़ गई।

# इंडियन आर्मी में ऑफिसर है इस एक्ट्रेस की बहन, दिखती है हू–ब–हू

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अक्सर अपनी लुक को लेकर चर्चा में रहती है। दिशा भी उन एक्ट्रेसेस में से एक है, जिनकी फैमिली बॉलीवुड इंडस्ट्री से कोई ताल्लुक नहीं रखती। हाल ही में दिशा ने अपने इंस्टा स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है। दरअसल, कम ही लोगों को पता है कि दिशा की बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना में आधिकारी हैं।दिशा पहले ही कुछ इंटरव्यूज में कह चुकी हैं कि असल जिंदगी में वह अपनी बहन से प्रेरणा लेती हैं। वह उनका काफी सम्मान करती हैं। अब दिशा ने अपनी बहन की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लव और हार्ट का इमोजी भी बनाया है। बहन के लाइमलाइट में होने के बावजूद खुशबू ने अपनी प्राइवेसी मेनटेन की हुई है। दिशा के काम की बात करें वह जल्द ही फिल्म भारत में नजर आएंगी। इसमें सलमान खान, कैटरीना कैफ लीड रोल में है।





# ऑफ शॉल्डर ड्रेस में 40 की शमिता शेट्टी का स्टाइलिश अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस शमिता शेट्टी इन दिनों फिल्मों से दूर हैं। 40 की उम्र में भी शमिता अपने स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वीरवार शाम शमिता को जूहू में स्पॉट किया गया। इस दौरान शमिता ऑफ शॉल्डर प्रिंटिड ड्रेस में स्टाइलिश अंदाज में दिखीं। इस दौरान शमिता ने मिनिनल मेकअप किया था। उन्होंने बालों को हल्का–सा कर्ल किया था जो शमिता के लिक को चार–चांद लगा रहे थे। इस दौरान की तस्वीरें सोशल साइट पर काफी वायरल हो रही हैं। शमिता ने फैंस के साथ भी सेल्फी ली। बता दें कि शमिता ने फिल्म मोहबब्तें से बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इसके बाद



शमिता ने कई फिल्मों में काम किया लेकिन वह अपनी बहन शिल्पा की तरह नाम नहीं कमा पाई। शमिता रियालिटी शो बिग बॉस 3, डांस रियालिटी शो झलक दिखला जा 8 में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा वह हाल ही में खतरों के खिलाड़ी 9 में नजर आईं थीं।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0.प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित ''राधे''**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।